Regarding construction of by-pass roads on NH 35 in Banda and Chitrakoot districts in Uttar Pradesh-laid

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा के अंतर्गत एन0 एच0-35 जनपद बांदा के अतर्रा नगर क्षेत्र एवं जनपद चित्रकूट के कर्वी नगर क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिस पर भारी वाहनों का आवागमन ज्यादा रहता है, उक्त क्षेत्र धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र होने के कारण हर महीने लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना रहता है । एन0 एच0-35 जो नगर क्षेत्र के बीच से होकर गुजरता है, जहां पर आए दिन दुर्घटना देखने को मिलती है, तथा जाम की समस्या बनी रहती है, उक्त दोनों नगर क्षेत्र के बाहर बाईपास के निर्माण होने से दुर्घटना एवं जाम की समस्या से निदान पाया जा सकता है । अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ, कि जनहित में राष्ट्रीय राजमार्ग-35 जो जनपद बांदा के अतर्रा एवं जनपद चित्रकूट के कर्वी नगर क्षेत्र होकर गुजरता है, मा० मंत्री जी के घोषणा के क्रम में बाईपास निर्माण कराने का कष्ट करें ।